दिनांक : 14.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देंगे कई सौगातें।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा जनजातीय वीरों ने स्वतंत्रता संग्राम में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका।
- केन्द्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों द्वारा फैलाये जा रहे झूठ के प्रति नागरिकों को सतर्क रहने की दी गई सलाह।
- पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए खतरा बने कुत्तों का किया जायेगा टीकाकरण।

जनजातीय गौरव दिवस – राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर कल पूरे देष में 'राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पूर्व संध्या पर आज शाम आठ बजे राष्ट्र के नाम संदेश देंगी। आकाशवाणी अपने विभिन्न चैनलों पर इसका प्रसारण करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के समारोहों के शुभारंभ पर कल बिहार के जमुई जाएंगे। श्री मोदी, भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का तथा डाक टिकट जारी करेंगे। वे ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदाय के विकास के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बनाए गए 11 हजार आवासों के गृह प्रवेश में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल बढ़ाने के लिए आदिवासी न्यातय महाअभियान के तहत 23 मोबाइल मेडिकल यूनिट और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृेष अभियान के तहत 30 अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन करेंगे।

जनजातीय गौरव दिवस – मध्य प्रदेष

प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और जबलपुर में दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों का भी वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। आपको बता दें कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान को सम्मान देने के लिए हर वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जाती है। संथाल, तमार, कोल, भील, खासी और मिजो जैसे आदिवासी समुदायों ने विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से देश के स्ववतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के रक्षक बिरसा मुंडा ने वर्ष 1893–94 में अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियम बनाकर जंगलों पर कब्जा करने का विरोध किया। शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और स्वतंत्रता के लिये उलगुलान क्रांति शुरू की। उन्होंने जनजातियों के स्वाभिमान को जगाया।

आकाशवाणी स्वच्छता अभियान

प्रसार भारती आकाशवाणी भोपाल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत भोपाल के कोटरा सुल्तानाबाद के सार्वजनिक उद्यान में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''स्वच्छता ही सेवा'' थीम पर आधारित श्रमदान आज सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुआ, जिसमें नगर निगम भोपाल का सहयोग रहा। इस श्रमदान अभियान में विधायक भगवानदास सबनानी बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा अभियान में बाहरी गतिविधियों के तहत इसका आयोजन किया गया। इसमें आकाशवाणी, भोपाल नगर निगम के कर्मचारियों और आम लोगों ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। आयोजन में आकशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट, सहायक निदेशक अभियांत्रिकी वी सी सक्सेना,कार्यक्रम अधिकारी के पी सिंह, सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

कोचिंग दिशा–निर्देश

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उम्मीदवारों और अभिभावकों को कोचिंग संस्थनों से गुमराह होने से बचाने की पहल शुरू की है। प्राधिकरण ने सभी कोचिंग संस्थानों को अपने छात्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में आवश्यक और प्रासंगिक जानकारी देने संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए यह दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

पन्ना टाइगर

पन्ना टाईगर रिजर्व में कुत्ते, बाघों के लिए खतरा बन गए हैं। इसे देखते हुए टाइगर रिजर्व के आसपास के गांवों में कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। रिजर्व मे स्वच्छन्द रूप से विचरण करने वाले बाघों की आवारा कुत्तों से सुरक्षा के लिए यह पहल की जा रही है। फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की ने आकाषवाणी को बताया कि कैनाइन डिस्टेंपर वायरस कुत्तों में पाया जाता है। यही कारण है कि बाघों को कुत्तों के जरिये इस वायरस जनित बीमारी का संक्रमण हो सकता है। इससे बाघों को बचाने के लिये टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

बांद्राभान मेला

नर्मदापुरम में मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट बांद्राभान में तीन दिवसीय मेले का आज दूसरा दिन है। उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला सुप्रसिद्ध बांद्राभान मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। आज कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह ने अधिकारियों के साथ मोटरबोट के माध्यम से नदी मार्ग द्वारा मेला क्षेत्र पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। यह मेला 16 नवंबर तक चलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज शुरू हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 14 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले का विषय ''विकसित भारत ऐट–2047'' रखा गया है। इस वर्ष 11 देश अंतर्राष्ट्रीय मेले में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें

चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। यह मेला आज से पहले पांच दिन तक व्यापारियों के लिए खुला रहेगा। जबकि 18 नवंबर से 27 नवंबर तक यह आम जनता के लिए खुला रहेगा।

"गीता महोत्सव''

देश में पहली बार गीता पर आधारित विशेष प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश में होने जा रहा है। राज्य सरकार इस्कॉन के सहयोग से "मूल्य आधारित शिक्षा प्रतियोगिता" का आयोजन कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा की है कि विद्यार्थी अपने माता–पिता और शिक्षकों के प्रोत्साहन से इस प्रतियोगिता में शामिल होकर इसे अविस्मरणीय बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत अवसर है कि हम श्रीमद् भागवत गीता के अमूल्य ज्ञान और प्रेरणा को अपने जीवन में आत्मसात करें। यह प्रतियोगिता नवंबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार....

– अशोकनगर में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित षिविर में जिला न्यायाधीश श्रीमती रश्मि मिश्रा ने बताया कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान व कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं।

– नीमच में विष्व मधुमेह दिवस पर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को मधुमेह नियंत्रण संबंधी जानकारी दी गई।

– मध्य प्रदेष में पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ।

– कटनी जिले में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएगी।

–इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए रोजगार मेला 20 नवम्बर को आयोजित किया गया है। यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से 04 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर में आयोजित होगा।

– वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अधीन 41वीं यूरेशियन की बैठक 25 नवम्बर से 29 नवम्बर के बीच इंदौर में होगी। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस बैठक की तैयारी के लिए भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने इंदौर में तैयारियों की समीक्षा की।

–सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा उप चुनाव का मतदान कल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। अब ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया है।

– आगर मालवा में आयोजित रोजगार मेले में 190 अभ्यर्थियों को प्रारंभिक चयन हुआ है। जबकि 40 को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं।

–देवास जिले में मैसर्स महाधन फास्फेट प्रायवेट लिमिटेड देवास का औचक निरीक्षण अधिकारियों ने किया। गड़बड़ी मिलने पर उर्वरक विनिर्माण इकाई को सील दिया गया है।

– सागर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 2 किलोमीटर लंबी नशा मुक्ति रैली निकाली गई। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार इसमें शामिल हुए।

– शिवपुरी जिला अदालत के विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) एके गुप्ता ने विद्युत चोरी के मामले में एक आरोपी को दो वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देंगे कई सौगातें।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा जनजातीय वीरों ने स्वतंत्रता संग्राम में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका।
- केन्द्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों द्वारा फैलाये जा रहे झूठ के प्रति नागरिकों को सतर्क रहने की दी गई सलाह।
- पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए खतरा बने कुत्तों का किया जायेगा टीकाकरण।

....................